## महत्वपूर्ण एवं खास

### आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक किसान की मौत, दो गंभीर

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के उरगा थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत पचपेड़ी में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार फूल दास (30) और पत्नी किरण महंत और उसके पिता रामदास तीनों गांव से लगे खेत में काम करने गए हुए थे। जहां शनिवार की दोपहर 3:30 बजे लगभग अचानक मौसम का बदला और जोरदार बारिश के साथ बिजली गिरी और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीनों खेत में ही गिर गए। इस घटना में फूल दास की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ,वहीं किरण महंत और रामदास गंभीर रुप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने तत्काल तीनों को खेत से उठाकर घर पहुंचाया। हालांकि फूलदास की मौत हो चुकी थी वहीं किरण और रामदास को नजदीकी अस्पताल के लिए रवाना किया गया जहां दोनों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

### नक्सली नेता मोहन ने नक्सलियों के शव परिजनों को सौंपने की मांग की

**बीजापुर (आरएनएस)।** बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में 3 सितंबर को हुई मुठभेड़ के संबंध में नक्सलियों की पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन ने एक प्रेस नोट जारी किया है। इसमें बताया गया है कि मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सली पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) के सदस्य थे। प्रेस नोट में मारे गए 9 नक्सलियों का विवरण और उनकी तस्वीरें भी साझा की गई हैं। प्रेस नोट में नक्सली नेता मोहन ने सरकार से मांग की है कि मारे गए नक्सलियों के शवों को स्वास्थ्यकर्मियों के साथ 108 एंबुलेंस के जरिए उनके परिजनों को सौंपा जाए। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद मृतकों के शवों को उनके परिवारों तक पहुंचाना सरकार की जिम्मेदारी है।

### गणेश प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर धार्मिक भावनाओं के ठेस पहुंचाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के आजाद चौक थाना क्षेत्र में पंडाल में रखी प्रतिमा को क्षति पहुंचाने वाले युवकों पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने शेख जाफर और शेख जाकिर को गिरफ्तार किया तथा आरोपियों का जुलूस निकाला है। बता दें कि शुक्रवार रात आजाद चौक थाना क्षेत्र में अराजक तत्वों ने पंडाल में रखी भगवान गणेश की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था। आरोपियों ने पंडाल के पास युवकों से विवाद और मारपीट करने के बाद प्रतिमा को क्षति पहुंचाई थी। इस घटना के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया था और हिंदू संगठनों ने विरोध करते हुए पार्षद के नेतृत्व में थाने का घेराव किया था। नाराज हिंदू संगठनों ने मामले की जांच तेजी से करने और आरोपी को गिरफ्तार की मांग की थी। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को दोनों आरोपी शेख जाफर उर्फ झोल्टू और शेख जाकिर को गिरफ्तार कर लिया तथा उनका जुलूस निकाला।

### नशीली टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** कबीरनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर न्यू अपना ढाबा के पास जरवाय में नशीली दवाएं बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 288 नग टेबलेट व 610 रुपए बिक्रीर रकम जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जरवाय स्थित न्यू अपना ढाबा के पास दबिश देकर आरोपी हरकिरत सिंह 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से स्पास्मो प्रोक्सोविन के 288 नग टेबलेट और 610 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# वित्त मंत्री सहित अतिथियों ने अपेक्स बैंक सरिया का किया उद्घाटन

**❐ वित्त मंत्री ने ग्राम मोहंदी के लिए सड़क, बैंक परिसर में शेड के लिए 20 लाख रुपए और बाउंड्री वॉल की घोषणा की**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**






वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, सांसद रायगढ़ लोकसभा और गणमान्य नागरिक जगन्नाथ पाणीग्राही ने फीता काटकर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स) बैंक की नवीन शाखा सरिया का उद्घाटन किया। सरिया अंचल के किसानों की अपेक्स बैंक खोलने की बहु प्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। उद्घाटन के पूर्व मुख्य अतिथि ओ पी चौधरी सहित अतिथियों ने वीर हनुमान की मूर्ति, किसान की मूर्ति और भगवान गणेश की मूर्ति का पूजा अर्चना किया।

उद्घाटन अवसर पर वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने अपेक्स बैंक सरिया में अपना खाता खुलवाया। वित्त मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी किसानों को बधाई और शुभकामनाएं, यह बैंक हमने एक साल में खोलने का वादा किया था और यह बैंक 8 माह में खुल गया। मेरे और राज्य शासन के पत्र का रिस्पांस आरबीआई ने त्वरित दिया, जिसके परिणाम स्वरूप सरिया, तमनार और बगीचा में अपेक्स बैंक खोलने का लाइसेंस मिला। बैंक खोलना हमारी उपलब्धि है, लेकिन उसका बेहतर ढंग से संचालन करना उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि बैंक किसानो को आधुनिक लेनदेन के प्रक्रिया नेट बैंकिंग, यूपीआई, कार्ड से आहरण आदि का ट्रेनिंग प्रदान करे। मंत्री ओ पी चौधरी ने कहा कि सभी किसानों को वजनी (शक्तिशाली) व्यक्ति की तरह समझे और उनको बैंकिंग की सुविधा प्रदान करें। नेट बैंकिंग की सुविधा मिलने पर किसान सावधानी से उपयोग करे नहीं तो रुपए इधर उधर न हो जाए, इससे बड़ा नुकसान होगा। मंत्री चौधरी के पूछने पर बैंक अधिकारी ने बताया कि इस बैंक के एटीएम में सभी कार्ड से पैसा निकल जायेगा और अपेक्स बैंक के कार्ड से दूसरे बैंक के एटीएम से पैसा निकाल सकेंगे।

मंत्री ओ पी चौधरी ने कहा कि मैं नहीं चाहता कि यहां किसानों की लाइन लगे, अनियमितता हो, भ्रष्टाचार हो। किसानों को परेशानी हो। हमारी सरकार किसानों के लिए समर्पित है। 8 लाख से अधिक आवास की स्वीकृति हुई है। मैं वित्त मंत्री के रूप में पीएम आवास के राज्य अंश को त्वरित जारी करूंगा। मैं पूरी ईमानदारी के साथ काम करता हूं, किसी से एक रुपए का कमीशन नहीं लेता। पैसा कमाना रहता, सुख चैन की जिंदगी जी लेता। मैं निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा हूं। मैं चाहता तो 24 साल आईएएस की नौकरी कर सकता था। वित्त मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम मोहंदी के सड़क एक साल में बन जायेगा। अपेक्स बैंक सरिया परिसर में बाउंड्री वॉल की स्वीकृति देता हूं। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने स्व प्रेरणा से किसानो के लिए बरसात और धूप से बचने के लिए शेड निर्माण हेतु 20 लाख रुपए की स्वीकृत करने की घोषणा की।

सभा को सम्बोधित करते हुए रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने सरिया के किसानों के सम्मान के लिए अपेक्स बैंक खोलने पर मंत्री ओ पी चौधरी को बधाई और स्वागत किया है। मंच से सभा को गणमान्य नागरिक जगन्नाथ पाणीग्राही और के एन कांडे प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक ने संबोधित किया। इस अवसर पर अतिथियों को शॉल श्रीफल और गणेश जी के चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सभी किसानों और नागरिकों के लिए भोजन व्यवस्था किया गया था। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत सरिया स्वप्निल स्वर्णकार, जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक और अजय नायक, गणमान्य नागरिक उमेश अग्रवाल, बाबूलाल पटेल, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक के एन कांडे, संयुक्त आयुक्त सहकारिता यू बी एस राठिया, ओएसडी अविनाश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त सहकारिता व्यासनारायण साहू, नोडल अधिकारी संजय कुमार साहू, अपेक्स बैंक सरिया के ब्रांच मैनेजर जे पी सिंह, एसडीओ पुलिस स्नेहिल साहू, तहसीलदार कोमल साहू सहित बड़ी संख्या में किसान और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# छात्रों को नहीं उठाना पड़ेगा जोखिम, सिंदुरगढ़ नाला में बनेगा पुल : कलेक्टर

**कोरबा | आरएनएस**



सिंदुरगढ़ क्षेत्र में एक प्राथमिक विद्यालय जाने के लिए विद्यार्थियों को रोजाना नाला पार करने के दौरान जोखिम मोल लेने की स्थिति पर सिस्टम हरकत में आ गया है। जानकारी होने पर अब यहां पुल का निर्माण स्वीकृत किया जा रहा है। जल्द ही यहां पर इसका निर्माण कराया जाएगा। कोरबा जिले के पोंड़ी उपरोड़ा विकासखंड सिंदूरगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में पढने वाले बच्चों को अपने गांव से स्कूल पहुंचने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अपने घर से स्कूल पहुंचने के दौरान बीच रास्ते में एक बारहमासी नाला मौजूद है जो बारिश में काफी खतरनाक हो जाता है। ऐसे में विद्यार्थियों को एक छोर से दूसरे छोर जाने के लिए काफी जोखिम उठानी पड़ती है। यहां पर वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए लकड़ी के पटरी रखे जाते हैं और फिर गांव की मितानिन बच्चों को नाला पार कराती है। यह उसकी दैनिक जिम्मेदारी बनी हुई है इन विद्यार्थियों के प्रति। उसका सोचा यही है कि सभी बच्चे गांव के हैं और जो शिक्षा प्राप्त करने के लिए काफी गंभीर हैं इसलिए वह अपनी भूमिका को सुनिश्चित करने में लगी है। ऐसा इसलिए भी किया जाता है ताकि यहां से पर होने के दौरान विद्यार्थियों के सामने कोई संकट खड़ा ना होने पाए। मीडिया में यह रिपोर्ट सामने आने पर जिला प्रशासन ने ध्यान दिया है। कोरबा के कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में आया है। यह अपने आप में महत्वपूर्ण विषय है जो की रिमोट एरिया से जुड़ा हुआ है। हमने तय किया है कि संबंधित नाला पर पुल निर्माण किया जाना स्वीकृत हो। जल्द ही इस दिशा में कार्यवाही की जाएगी ताकि आगामी समय में इसका क्रियान्वयन हो सके।

यहां बताना आवश्यक होगा कि कोरबा जिला अनुसूचित जनजाति बाहुल्य है जहां पर कई इलाके ऐसे भी हैं जो सुविधाओं के मामले में अभी भी पिछड़ेपन का शिकार है। सडक और संचार संपर्क के अलावा कई स्थान पर बिजली की पहुंच नहीं होने से शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों को परेशान होना पड़ रहा है। आपात स्थिति में ना तो अधिकारी पहुंच पाते हैं और ना ही मेडिकल टीम। इसके कारण विचित्र हालात उत्पन्न हो जाते हैं और फिर कुल मिलाकर व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं। इसलिए जरूरत इस बात की है कि ऐसे सभी क्षेत्रों को चिन्हित करने के साथ वहां पर उन सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाए जिनकी आवश्यकता महसूस की जा रही है।

*कोरबा जिले की विभिन्न क्षेत्रों में अभावग्रस्त या समस्याग्रस्त स्कूलों के बारे में समग्र रूप से डाटा कलेक्ट नहीं किया गया है। इतना जरूर है कि समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों से इस प्रकार की सूचनाओं आती हैं जिन्हें जिला पंचायत की बैठक में रखा जाता है। इस आधार पर आगे विषय बढ़ाते हैं और कार्रवाई होती है।*

**-तामेश्वर उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी**

# राज्य में जल्द होंगे कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए डीए /डीआर के आदेश

**रायपुर (आरएनएस)।** शासन द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश महामंत्री ए के चेलक के नेतृत्व में शुक्रवार 6 सितंबर को देर रात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास में प्रत्यक्ष भेंट कर ज्ञापन सौंपा तथा राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को जनवरी 24 से लम्बित डीए/डीआर देने हेतु शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने इस पर संघ प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि राज्य में कर्मचारियों और पेंशनरों को डीए डीआर देने के आदेश बहुत जल्द जारी होंगे। राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल में राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, राज्य कर्मचारी संघ के प्रमुख कर्मचारी नेता टी आर देवांगन,जी आर बसोने, अरविंद ओझा, डा विनोद वर्मा, नागेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री को राज्य में कैशलेश चिकित्सा योजना लागू करने और नियमित किए गए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की भांति अवकाश नगदीकरण का लाभ देने,शिक्षा विभाग द्वारा जारी युक्तियुक्तकरण आदेश को पूर्ण रूप से निरस्त कर शिक्षा संवर्ग का पद्दोन्नती हेतु ज्ञापन दिया एवम् अनेक अन्य कर्मचारी हितैषी मुद्दो की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया और उन पर शीघ्र कार्यवाही करने हेतु आग्रह किया।

**अवैध शराब पर कार्यवाई**

# घरघोड़ा पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**रायगढ़**



रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पावरग्रिड चुहकीमार चौक के पास अपने बैग में महुआ शराब एवं भारी मात्रा में अंग्रेजी और देशी शराब लेकर बस का इंतजार कर रहा था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा।

गिरफ्तार व्यक्ति का नाम रितेश पांडेय (उम्र 30 वर्ष), पिता दयासागर पांडेय, निवासी नरही, थाना नरही, जिला बलिया (उत्तर प्रदेश) हाल मुकाम तमनार चौक, पूंजीपथरा, रायगढ़ है।

पुलिस द्वारा आरोपी के पास से बरामद की गई अवैध शराब :

- लगभग 5 लीटर महुआ शराब (कीमत रु.1,000)
- गोवा कंपनी की 20 नग अंग्रेजी शराब (कुल 3.6 लीटर, कीमत रु.2,600)
- 10 नग देशी प्लेन मदिरा (कुल 1.8 लीटर, कीमत रु.900)

कुल जुमला 10.400 लीटर अवैध शराब जिसकी कीमत करीब रु.4,500 है, जिसे मौके पर जप्त कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घरघोड़ा पुलिस की अवैध शराब पर कार्यवाही लगातार जारी है।

# जूटमिल पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**रायगढ़**




जिले के जूटमिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी, मनदीप सिंह सोनी (उम्र 34 वर्ष), पिता जरनैल सिंह सोनी, निवासी कांशीराम चौक, गांधी नगर रायगढ़, गाँधीनगर गली में प्लास्टिक की बोरी लेकर शराब बेचने के उद्देश्य से ग्राहक की तलाश में खड़ा था।

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर पकड़ा और उसके पास से दो लाल रंग के 5-5 लीटर की प्लास्टिक जरिकन में भरी हुई हाथ भट्ठी की महुआ शराब और 06 नग देशी प्लेन मदिरा (180 ML) काँच की शीशियों में सीलबंद अवस्था में बरामद की गई।

आरोपी के पास से कुल 11.080 लीटर अवैध शराब जिसकी अनुमानित कीमत रु.2,040 है, जप्त की गई। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह इस शराब को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी जूटमिल, निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने ली सांसदों और रेलवे के अधिकारियों की संयुक्त बैठक

**रायपुर | आरएनएस**



केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू बिलासपुर में प्रदेश के अन्य सांसदों के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मण्डल के अधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने रेलवे की अधिकारों को सख्त लहजे में कहा कि हम और आप सब जनता को बेहतर सुविधा और सेवा देने के लिए हैं, लेकिन रेलवे प्रशासन की रवैया से आम लोगों की कठिनाई बढ़ती जा रही है.

बैठक में बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने कहा कि रेलवे का कार्य सिर्फ माल गाड़ी की ढुलाई नहीं है, बल्कि जनता की आवागमन की सुविधाएं महत्वपूर्ण हैं. रेलवे रूट की सर्वे में ऐसे क्षेत्र का चयन करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा जनता लाभान्वित हो सकें. यह क्षेत्र की जनता की बहुप्रतीक्षित मांग है, जिसके कार्यों में तेजी से शीघ्रता लाएं.

इसके साथ उन्होंने कहा कि कोविड के समय से जो स्टेशनों पर रेलवे की ठहराव बंद हुआ है उसमें पुन: स्टापेज किया जाए. इसके साथ उन्होंने कटघोरा मुंगेली – डोंगरगढ़ रेलवे लाइन परियोजना को लेकर विशेष जोर दिया.

सांसद ने कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है, जिसमें रेलवे का भी अहम योगदान है और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस शताब्दी के तीसरी दशक को रेलवे की कायाकल्प का दौर बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रहे हैं . बिलासपुर डिविजन के 16 रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन में शामिल किया गया है.

बैठक में सांसद तोखन साहू ने कहा कि सभी सांसद औसतन 20-25 लाख जनता की प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें संसदीय क्षेत्र की जनता रेलवे की सुविधाओं को लेकर उम्मीद और विश्वास से देखती है. लेकिन रेलवे की ओर से सांसदों से मांगें गए प्रस्ताव पर निराशाजनक उत्तर प्राप्त हुआ है, जो खेद का विषय ?है. उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कार्य की यह संस्कृति उचित नहीं है. रेलवे प्रशासन को जनता की सुविधाओ का ध्यान रखना? होगा और जनप्रतिनिधियों की मांगों और सुझावों को सुनकर क्रियान्वयन भी करना होगा.

# नमक को रंगकर खाद के रूप में बेचने वाले चार आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**❐ राजस्थान की नावा सिटी से पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**कांकेर | आरएनएस**



कांकेर पुलिस ने नमक को रंगकर खाद बनाकर बेचने वाले गिरोह के चार सदस्यों को राजस्थान के नावा सिटी से गिरफ्तार किया है। वहीं मामले में एक आरोपी फरार है।

बता दें कि 2 जुलाई को कृषि विभाग द्वारा पखांजूर में ट्रक क्रमांक आरजी 11 जीबी 9189 से तलाशी के दौरान बरामद खाद का परीक्षण करवाया था जिसमें खाद नकली होना पाया गया था। जिसपर थाना पखांजूर में धारा 318(4),3(5),336 (3),338,340(2) बीएनएस, आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 दिनाँक 22/07/2024 को पंजीबद्ध किया गया था जिसमें ट्रक सवार दो आरोपियों अनिमेश घरामी निवासी पीव्ही 23 लखनपुर तथा ट्रांसपोर्टर उस्मान खान निवासी राजस्थान की गिरफ्तारी की गई थी। मामले में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी. उपपुलिस महानिरीक्षक कांकेर के.एल. ध्रुव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई. के. एलेसेला के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर डॉ. प्रशांत शुक्ला, एसडीओपी पखांजूर रवि कुजूर के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी पखांजूर लक्ष्मण केवट के मार्गदर्शन में थाना पखांजूर की टीम प्रकरण की विवेचना हेतु राजस्थान भेजी गई थी। विवेचना में यह तथ्य प्राप्त हुए थे कि बरामद अमानक खाद नावा सिटी राजस्थान से परिवहन कर छत्तीसगढ़ लाया गया था। विवेचना के दौरान नमक को रंगकर उसे खाद की बोरी में भरकर खाद के रूप में विक्रय करने वाले गिरोह का भण्डाफोड़ हुआ। इस गिरोह में जैन केम फ ूड नावा सिटी के मालिक विनोद कुमार जैन, विनय कुमार जैन और उपकार जैन निवासी नावा सिटी जिला डीडवाना राजस्थान अधिक मुनाफे के लिए अपनी फैक्ट्री में नमक को रंगीन बनाकर नकली पोटाश खाद के रूप में तैयार किया जाता था। शिवकृष्ण गुर्जर निवासी और ओमप्रकाश भदाना निवासी जयपुर राजस्थान, जैन केम फूड फैक्ट्री में इंडियन पोटास लिमिटेड हाईटैक बायोटैकनोलाजी लिखा हुआ (प्रिंटेड) बारदाना (बोरा) पहुँचाते थे जिसमें इस नकली पोटाश खाद की पैकेजिंग की जाती थी। शिवकृष्ण गुर्जर और ओमप्रकाश भदाना इस नकली खाद की मार्केटिंग करते थे और अपनी पार्टनरशिप फर्म ओपीएस किसान एग्रोकेयर प्राईवेट लिमिटेड के बिल के द्वारा विक्रय कर ट्रांसपोर्टर दौलत सिंह निवासी नावा सिटी राजस्थान के ट्रक में लोड करवाकर विभिन्न राज्यो के विक्रेताओं को भेजते थे। पखांजूर थाना की पुलिस टीम ने नावा सिटी राजस्थान से अपराध में शामिल चार आरोपियों विनोद कुमार जैन, विनय कुमार जैन, उपकार जैन और दौलत सिंह को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमाण्ड में पखांजूर लाकर न्यायिक रिमाण्ड हेतु कोर्ट में पेश किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी शिवकृष्ण गुर्जर और ओमप्रकाश भदाना फरार है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU